हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 306 देहरादून, बुधवार, 31 मई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



केदारनाथ में बढ़ रही तीर्थयात्रियों की भीड़
तीन जून तक पंजीकरण पर रोक 7

# इस बार कीर्तिमान कायम करेगी केदारनाथ यात्रा, एक महीने में टूटे सारे रिकॉर्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 31 मई : केदारनाथ धाम.बाबा शिव का निवास जहां पर इस समय भारत के कोने कोने से लोग उनके दर्शन के लिए आ रहे हैं। केदारनाथ जाने का उत्साह लोगों में इस कदर बढ़ गया है कि अपने परिवार और अपने दोस्तों के साथ में बाबा केदार के दर्शन करने उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंच रहे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।

अब तक पांच लाख 60 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके हैं। कुल मिलाकर कहें तो केदारनाथ यात्रा ने पहली बार ऐसा रिकॉर्ड कायम किया है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब एक ही महीने में 5 लाख 60 हजार यात्री केदारनाथ पहुंचे।

माना जा रहा है कि इस साल 18 से 20 लाख श्रद्धालु बाबा केदार के दर पर शीश नवाएंगे। हर वर्ष की तरह इस साल भी सुरक्षा बलों के जवानों का यात्रियों को पूरा पूरा सपोर्ट मिल रहा है।

जवान हर कदम पर यात्रियों की मदद कर रहे हैं। महाराष्ट्र से बाबा केदार के दर्शनों को पहुंचे सुशांत पाटिल, रूपेश पाटिल, राजन पाटिल ने बताया कि गौरीकुंड से केदारनाथ से पैदल मार्ग और धाम में मूलभूत सुविधाएं अच्छी हैं। पैदल मार्ग पर भैरव गदेरा व कुबेर गदेरा में हिमखंड में तैनात सुरक्षा जवान एक-एक यात्री को हाथ पकड़ कर रास्ता पार करा रहे हैं। यात्रियों ने कहा है कि केदारनाथ में बिजली, पानी, भोजन, स्वास्थ्य की सुविधाएं अच्छी हैं। उन्हें पूरी Kedarnath Yatra में प्रशासन व पुलिस का अच्छा सहयोग मिला है।





## हरिद्वार में स्नान के लिए देशभर से पहुंचे श्रद्धालु, गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 31 मई ; हरिद्वार में गंगा दशहरे पर स्नान के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। हरकी पैड़ी व अन्य घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। श्रद्धालुओं ने हर हर गंगे के जयकारों के साथ आस्था की डुबकी लगाई।

तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए मेला क्षेत्र को चार सुपर जोन और 16 जोन, 37 सेक्टर में बांटा गया है। मेला क्षेत्र में 764 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी और चार पीएसी की कंपनी, दो बीडीएस, दो फायर यूनिट, प्लड कंपनी की तैनाती की गई है। एएसपी चार, सीओ- 14, निरीक्षक, एसओ- 17, एसआई-44, एलएसआई 18, एएसआई 37, हेड कांस्टेबल 56, कांस्टेबल 189, एलसी 75, टीआई एक, टीएसआई सात, हेड कांस्टेबल 14, कांस्टेबल 40, प्रशिक्षु एसआई 135 एवं हेड कांस्टेबल 131, बीडीएस/डॉग स्क्वायड की दो टीम, फायर यूनिट दो, फ्लड़ कंपनी एक प्लाटून, पीएसी चार कंपनी, दो प्लाटून की तैनाती की गई है।



## देहरादून में कई चौकी इंचार्ज समेत नौ दरोगाओं के तबादले

देहरादून। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर ने जिले में कई चौकी इंचार्ज समेत नौ दरोगाओं के तबादले किए हैं। तबादला सूची में सहसपुर के सभावाला चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार सैनी को चार्ज से हटाकर वसंत विहार थाने भेजा गया है। गांधीपार्क गेट पर बेरोजगारों के पत्थरबाजी और लाठीचार्ज मामले के बाद धारा चौकी से चकराता थाने भेजे गए दरोगा विवेक राठी को सभावाला चौकी इंचार्ज बनाया गया है। करनपुर चौकी इंचार्ज विनय शर्मा को अशारोड़ी चौकी इंचार्ज बनाया गया है। बाईपास चौकी इंचार्ज देवेश खुगशाल को करनपुर चौकी का नया इंचार्ज बनाया है। डोईवाला थाने के दरोगा दीपक द्विवेदी को बाईपास चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंपी है। लाखामंडल चौकी इंचार्ज निखिल देव को डालनवाला कोतवाली भेजा है। डालनवाला कोतवाली से दरोगा जसपाल गुसाईं को लाखामंडल चौकी का नया इंचार्ज बनाया गया है। कैंट थाने के दरोगा मुकेश डिमरी को पटेलनगर कोतवाली भेजा गया है। पटेलनगर कोतवाली से दरोगा देवेंद्र गुप्ता को कैंट थाने भेजा गया है।

## राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट की बैठक में सीएम धामी ने किया वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की दूसरी बैठक में सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। उन्होंने उत्तराखण्ड के किच्छा तहसील के अन्तर्गत लगभग 1000 एकड़ पर विकसित किये जाने वाले अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर प्रोजेक्ट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में लगभग 7500 करोड का प्रत्यक्ष निवेश व युवाओं के लिए लगभग 20000 रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए स्पेशल पर्पज व्हीकल (एस.पी.वी) का गठन, पर्यावरणीय अनुमति, शेयर होल्डर एग्रीमेंट व स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट, ग्राउण्ड वाटर अनुमति एवं सीडा द्वारा मानचित्र के अनुमोदन की कार्यवाही की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों के सम्पन्न होने के बाद यह परियोजना प्रारम्भ करने के स्थिति में हैं। राज्य सरकार ने एस.पी.वी. को भूमि लीज पर दिये जाने हेतु सिडकुल को उपलब्ध करा दी है। इसी तरह अवस्थापना विकास कार्यों हेतु इंटरनल डेवलपमेंट के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। बाह्य अवस्थापना कार्यों जैसे विद्युत आपूर्ति एवं बाढ़ सुरक्षा कार्यों हेतु यूपीसीएल एवं सिंचाई विभाग से डीपीआर बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार से एस.पी.वी में अपना अंश जो कि लगभग 410 करोड़ है, का योगदान मिलने से समस्त अवस्थापना के कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण किये जायेंगे। उन्होंने एस.पी.वी में अपना अंश जल्द देने का केन्द्र सरकार से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत औद्योगिक प्रोत्साहन योजना को और विस्तार देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियां लगभग उत्तर पूर्वी राज्यों की भांति है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस प्रोजेक्ट को आर्थिक केन्द्र बनाते हुए लगभग 3000 एकड़ पर ग्रीन फील्ड सिटी बनाने की परियोजना पर भी कार्य कर रही है। इस क्षेत्र में एम्स का सेटेलाईट सेंटर, किच्छा डिग्री कॉलेज एवं बस अड्डा का कार्य प्रारम्भ हो चुका है एवं रोड चौड़ीकरण के प्रथम चरण का कार्य सम्पन्न किया जा चुका है। इस क्षेत्र से लगभग 15 मिनट की दूरी पर पंतनगर एयरपोर्ट है, इसको इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने के लिए योजना अन्तिम चरण में है। इस तरह राज्य सरकार एक योजनाबद्ध तरीके से इस क्षेत्र के लिए सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।

बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सचिव डीपीआईआईटी राजेश कुमार, विशेष सचिव सुमीता डाबरा उपस्थित थे।

# अब आप भी कर सकेंगे दुनिया के सबसे लंबे ग्लेशियर्स में से एक सियाचिन की सैर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : हर साल भारी संख्या में लोग कश्मीर और लद्दाख घूमने निकलते हैं। लेकिन कुछ लोग उससे आगे बढ़कर सियाचिन की सैर करने की भी इच्छा रखते हैं, जो अभी तक पूरी नहीं होती थी क्योंकि यहां तक जाने के लिए एक खास तरह के परमिट की जरूरत पड़ती है, जो हर किसी को आसानी से नहीं मिलती। लेकिन अब लद्दाख के पर्यटन विभाग ने ये ऐलान किया है कि भारतीय पर्यटक बिना किसी विशेष परमिट के सियाचिन बेस कैंप के पास ट्रैवल कर सकते हैं।

सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र भारतीय सेना के नियंत्रण में है। सियाचिन दुनिया के सबसे लंबे ग्लेशियर्स में से एक होने के साथ-साथ भारत और पाकिस्तान के बीच चलने वाले सैन्य संघर्षों के कारण भी मशहूर है क्योंकि ये दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र भी है। वहीं अब सियाचिन ग्लेशियर को टूरिस्ट्स के लिए खोला जा रहा है। इससे पहले दोनों देशों के बीच रहने वाले तनाव को देखते हुए सियाचिन के कुछ क्षेत्रों को टूरिज्म के लिए बंद कर दिया गया था।

सियाचिन बेस कैंप हिमालय के पूर्वी काराकोरम रेंज में सियाचिन ग्लेशियर के बेस पर मौजूद है। 12,000 फीट से लेकर 15,000 फीट तक का क्षेत्र आम लोगों के पर्यटन के लिए खुला है। सियाचिन बेस कैंप उन सैनिकों के सम्मान में बनाया गया है, जिन्होंने सैन्य अभियानों के दौरान यहां अपनी जान गंवाई थी। यहां एक युद्ध स्मारक भी है, जो उनके बलिदानों की याद दिलाता है।

इन वीर जवानों ने ऊंचाई पर रहते हुए मुश्किल भरे हालातों में देश की रक्षा करने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी। वहीं आम लोगों के टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात करें तो, रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय टूरिस्ट अब बिना किसी विशेष परमिशन या अधिकारियों के एनओसी के इस जगह पर घूमने आ सकते हैं। हालांकि, जिला प्रशासन इन टूरिस्ट्स से पर्यावरण शुल्क लेगा। नुब्रा घाटी में स्थित, सियाचिन बेस कैंप सबसे दिलचस्प पर्यटन स्थलों में से एक है, जिसे सियाचिन टूर के दौरान जरूर देखना चाहिए। लेकिन यहां आने के लिए आपको जिस बात का सबसे ज्यादा ध्यान रखना है, वो है यहां का टेम्परेचर। इस जगह का तापमान -60 डिग्री सेल्सियस या फिर उससे भी नीचे तक चला जाता है। इसलिए यहां आने का प्लान बनाने से पहले अपनी सेहत के बारे में जरूर सोच लें और ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़े रखें।



# किन लोगों में बढ़ जाता है मल्टीपल स्क्लेरोसिस होने का खतरा ?

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 मई : मल्टीपल स्क्लेरोसिस, ब्रेन और स्पाइनल कॉर्ड से जुड़ी एक बीमारी है, जिसमें माइलिन शीथ जो तंत्रिकाओं की रक्षा और उन्हें अलग करती है, क्षतिग्रस्त हो जाती है। मस्तिष्क से विद्युत आवेगों को ले जाने वाले तंत्रिका तंतु भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। इस न्यूरोलॉजिकल डिसफंक्शन रोग की शुरुआती में चीजें मैनेज हो जाती हैं, लेकिन समय के साथ, नुकसान और भी बदतर हो सकता है , 2023 तक लगभग 2.9 मिलियन लोग इस स्थिति से पीड़ित हैं। विश्व मल्टीपल स्क्लेरोसिस दिवस एक वार्षिक, ग्लोबल इवेंट है, जो इस स्थिति के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 30 मई को मनाया जाता है। तो आइए जानें कि किन लोगों में इस बीमारी का खतरा ज्यादा होता है? परिवार में इस रोग का इतिहास होने के साथ कुछ बाहरी कारणों से भी प्रभावित हो सकती है। आमतौर पर रोगी के परिवार में इस स्थिति का इतिहास देखा जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में इस बीमारी को ज्यादा देखा जाता है। अन्य कारक जो स्थिति का कारण बन सकते हैं, उनमें एपस्टीन-बार वायरस (Epstein-Barr virus (EBV)) से होने वाला वायरल संक्रमण, सन लाइट कम मिला, विटामिन-डी की कमी और स्मोकिंग शामिल हैं। मल्टीपल स्क्लेरोसिस आमतौर पर 20 से 40 की उम्र के लोगों को होता है, जिसमें लक्षण किशोरावस्था के आसपास दिखाई देने लगते हैं।

इसके आम लक्षणों मेंःथकावट ,सुन्न होना और झुनझुनी आना , मांसपेशियों की ऐंठन ,अकड़न ,दर्द ,हिलने और संतुलन बनाए रखने में दिक्कत आना संज्ञानात्मक समस्याएं ,बोलने में दिक्कत आना ,ब्लैडर और आंतों से जुड़ी दिक्कतें ,यौन समस्याएं ,धुंधला दिखना ,निगलने में कठिनाई, एंग्जाइटी और डिप्रेशनमल्टीपल स्क्लेरोसिस से पूरी तरह बचाव मुमकिन नहीं है, हालांकि, खाने या फिर सप्लीमेंट की मदद से विटामिन-डी की कमी को पूरा करना, स्मोकिंग से बचना और नींद पूरी लेने से एमएस का जोखिम कम हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के लिए इस वक्त जो उपचार उपलब्ध हैं, इसमें स्टेरॉयड, न्यूरो-लॉजिकल लक्षणों के लिए थेरेपी, फिजियो-थेरेपी के अलावा बोलने और भाषा की थेरेपी शामिल हो सकती है।



# राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, नैनीताल में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने ग्रुप मुख्यालय नैनीताल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने परिसर में लगे रॉक क्लाइंबिंग, शिप मॉडलिंग व शूटिंग से संबंधित उपकरणों के डेमो का अवलोकन किया। शिप मॉडलिंग डेमो के संबंध में ब्रिफिंग कर रही एनसीसी नेवल यूनिट की कैडेट श्रेया बिनवाल से राज्यपाल बेहद प्रभावित हुए और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा की। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने सम्मानित होने वाले सभी अधिकारियों व कैडेट्स को शुभकामनाएं दी और कहा कि वे अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि एनसीसी ने पिछले कई दशकों से युवाओं के बीच अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना को जीवंत रखा है। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की जिम्मेदारी इन सभी युवाओं पर ही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में एनसीसी उत्कृष्ट कार्य कर रही है और यहां के कैडेट्स का प्रशिक्षण, अनुशासन और जज्बा उच्च स्तर का है जिस पर हम सभी को गर्व है।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी उत्तराखण्ड द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यों जिसमें स्वच्छ भारत अभियान, पुनीत सागर अभियान, जी-20 पर्यावरण के मुद्दों सहित ट्रैकिंग व खेल के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। राज्यपाल ने अपनी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि वे स्वयं 1968 में एनसीसी के कैडेट्स रहे हैं। एनसीसी के द्वारा जो प्रशिक्षण और कड़ी मेहनत से कैडेट्स को तैयार किया जाता है वो अपने आप में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड के अवसर पर उत्तराखण्ड कैडेट्स का प्रतिभाग करना हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

राज्यपाल ने कहा कि नैनीताल में वाटर स्पोर्ट्स की अच्छी संभावनाएं है। इसको देखते हुए जल्द ही नैनीताल में गवर्नर्स कप सेलिंग रिगाटा प्रतियोगिता शुरू की जाएगी जिसमें एनसीसी का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर एनसीसी उत्तराखण्ड के एडीजी मेजर जनरल पी.एस दहिया, कमांडेड ग्रुप मुख्यालय कोमोडोर बी.आर सिंह, राज्यपाल की धर्म पत्नी गुरमीत कौर सहित एनसीसी के विभिन्न यूनिट के अधिकारीगण और कैडेट्स उपस्थित रहे।



# उत्तराखंड के 7 जिलों में मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 31 मई : मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में तेज गर्जना, बारिश के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका जताई है। अगले दो दिन कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के कई इलाकों में बारिश हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। अगले दो दिन लोगों को सतर्क रहना होगा, दो दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य में अगले 48 घंटे गरज चमक के साथ बारिश ओलावृष्टि और तेज हवाओं को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 31 और 1 जून को प्रदेशभर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

31 मई को गढ़वाल मंडल के अनेक स्थानों और कुमाऊं मंडल के कुछ स्थानों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। खासतौर पर रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, देहरादून, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ में भारी बारिश, बिजली चमकने और ओलावृष्टि की संभावना है।मैदानी इलाकों में 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 31 मई को प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बन रही है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। मैदानी इलाकों में तेज हवाएं मुश्किलें बढ़ाएगी। बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर लोगों से सावधान रहने की अपील की है। बीते दिन मसूरी में भी ओलावृष्टि हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के चलते दून के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। जबकि दिनभर छाए रहे बादल से लोगों को गर्मी से राहत मिली।





## गंगा दशहरा पर यातायात व्यवस्था लड़खड़ाई

रुडक़ी। गंगा दशहरा के अवसर पर नेशनल हाईवे पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई। दिनभर जाम लगने से तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों को परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों को दोनों क्रॉसिंग बंद होने से दिक्कतों का करना पड़ा। बुधवार को निर्जला एकादशी पर परेशानी बढने का अनुमान है। गंगा दशहरा के अवसर पर देवभूमि पहुंचने वाले यात्रियों तथा गंगा स्नान कर वापस लौट रहे यात्रियों के कारण हाईवे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा कर रह गई। मंगलौर नगर क्षेत्र में जाम के हालात बने रहे। रोडवेज बस स्टैंड पर सबसे अधिक परेशानी हुई। यहां पर रुडक़ी की ओर जाने के लिए बनाई गई क्रॉसिंग को भी बंद कर दिया गया

## पुत्री से दुष्कर्म करने वाले आरोपी बाप को 20 साल कारावास की सजा

रुडक़ी। पुत्री से दुष्कर्म करने पर पिता को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही पीडिता को 3.20 लाख रुपये प्रतिकर के तौर पर मिलेंगे। दोषी को भी ढाई हजार रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। कलियर निवासी नाबालिग ने 7 फरवरी 2022 को तहरीर देकर बताया था कि वह पिता के साथ किराये के कमरे में रहती है। मां से विवाद होने पर वह अलग रह रही थी। पिता रोजाना दुष्कर्म करता था। विरोध करने पर पिता कमरे में बंद कर बाहर जाते थे। शिकायत अपने रिश्तेदारों से की थी। पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर पिता को गिरफ्तार कर लिया था। शासकीय अधिवक्ता विवेक कुश ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सुल्तान ने फैसला सुनाया।

## गंगा दशहरा पर गंगभेवा बावड़ी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था डुबकी

विकासनगर। गंगा दशहरा पर पछुवादून में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगभेवा बावडी समेत यमुना, आसन नदी में आस्था की डुबकी लगाकर गंगा-पूजन और दान पुण्य किया। यहां बड़ी संख्या में लोग नदी तटों पर पहुंचे। मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस पर मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का गंगा भेवा बावड़ी समेत यमुना, आसन नदी तट पर पर पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह चार बजे से ही लोगों ने गंगभेवा बावडी में आस्था की डुबकी लगाना शुरू कर दिया। मां गंगा की पूजा अर्चना की। इस दौरान दस दस वस्तुएं मां गंगा को अर्पित की। सुख-समृद्धि की दुआएं मांगी। हरिपुर स्थित यमुना घाट पर प्रशासन ने पुलिस और गोताखोरों की तैनाती के साथ मुनादी कराने की व्यवस्था भी की थी। बावजूद इसके यमुना घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इसके साथ ही मां गंगा का प्रतीक माने जाने वाली गंगभेवा बावड़ी में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां गंगा आरती कर सुख समृद्धि की मन्नत मांगी गई। पछुवादून में सैकड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा पर स्नान करने से लोगों को जाने अनजाने किए गए अपने पापों से मुक्ति मिल जाती है, वहीं पुरखों को भी मां गंगा मुक्ति प्रदान करती हैं। इस दौरान गिरीश डालाकोटी, प्रवीण शर्मा, चंद्रशेखर, विराज, विपिन पंवार, अरविंद शर्मा, शोभित शर्मा, सतपाल सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व जान से मारने की धमकी में महिला सहित दो के खिलाफ केस दर्ज

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मटक माजरी निवासी एक महिला ने गांव की एक महिला सहित दो लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, दुकान में तोडफ़ोड़ करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जैबुनिसा पत्नी युसूफ निवासी मटक माजरी कुल्हाल विकासनगर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी मटक माजरी में दुकान है। बताया कि आरोपी मुन्ना निवासी मटक मारी व नफीस निवासी मटक माजरी ने उसकी दुकान में आकर मारपीट, तोडफोड, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि आरोपियों से उसकी जान को खतरा पैदा हो गया है। महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



# नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, होटल बुकिंग फुल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल 31 मई : इन दिनों पर्यटन सीजन भी पीक पर चल रहा है। कारण है दिल्ली जैसे शहरों में बढ़ती भीषण गर्मी। भीषण तपिश से परेशान दिल्ली वालों के कदम उत्तराखंड के इस शहर की ओर बढ़ रहे हैं। नैनीताल शहर में पर्यटन सीजन पीक पर पहुंच गया है। कारण है बच्चों की समर वेकेशन। पर्यटकों की आमद से शहर पैक हो गया है। वीकेंड पर रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ बढ़ रही है। इससे परिवहन निगम को अच्छा मुनाफा हो रहा है। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन के एआरएम सुरेंद्र बिष्ट ने बताया कि रविवार को दिल्ली 23 बसें गई, जिसमें 11 अतिरिक्त बसें थीं। वहीं नैनीताल में भी यात्रियों की संख्या बढ़ी।

बसों की संख्या कम होने पर यहां फेरे बढ़ाए गए। वहीं वाहनों का दबाव बढ़ा तो पुलिस ने सुबह से ही पर्यटक वाहनों को एंट्री प्वाइंट पर रोक दिया। जहां से शटल सेवा के माध्यम से पर्यटकों को शहर तक लाया गया। जिसके बावजूद शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। कारोबार में उछाल देख कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं। शहर बीते रात से ही पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी थी, जो अगले दिन शाम तक भी जारी रहे। होटल पूरी तरह से पैक रहे। इन दिनों पर्यटकों की भारी आमद से शहर के अधिकांश होटल पैक हो चुके हैं।

वहां के मशहूर पर्यटक स्थलों चिड़ियाघर, वाटरफाल, केव गार्डन, बाटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, स्नोव्यू समेत अन्य जगहों में खूब भीड़भाड़ देखने को मिल रही है। नैनी झील में नौकायन करने वाले पर्यटकों का दिनभर तांता लगा रहा। होटल एंड रेस्टोरेंट एसो-सिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि जून के आखिर तक पर्यटन कारोबार इसी तरह पर्यटकों की आमद से गुलज़ार रहेगा और कारोबारियों का कारोबार आसमान छुएगा।



# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने पूरा किया अपने पिता का वादा, डेढ़ करोड़ में बनेगा बंग भवन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उधमसिंह नगर 31 मई : सितारगंज में रहने वाले बंगाली समुदाय की बरसों पुरानी मांग जल्द ही पूरी होने वाली है। यहां उत्तराखंड के पशुपालन मंत्री व सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा ने बंग भवन का शिलान्यास किया। अब बंग भवन के निर्माण का कार्य तेजी से रफ्तार पकड़ेगा।

शक्ति फार्म क्षेत्र में बनने वाले बंग भवन का निर्माण करीब डेढ़ करोड़ की लागत से होगा। इसके बनने पर क्षेत्र में रहने वाले बंगाली समुदाय के लोग अपने कार्यक्रम सामुदायिक केंद्र में आयोजित कर सकेंगे । दरअसल कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के पिता व पूर्व सीएम विजय बहुगुणा ने बंगाली समुदाय के लोगों से भवन बनाने का वादा किया था, जिसे 9 साल बाद उनके बेटे सौरभ बहुगुणा ने निभाया।

बीते दिन ऊधमसिंहनगर के सितारगंज क्षेत्र में स्मृति बंग भवन का शिलान्यास हुआ। इसके निर्माण में एक करोड़ 52 लाख की लागत आएगी। बंगाली समुदाय के हजारों लोग इस भवन का लाभ उठा सकेंगे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि क्षेत्र की जनता की लंबे समय से बंग भवन निर्माण की मांग रही है। इसे देखते हुए नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सुकांत ब्रह्म को समर्पित स्मृति बंग भवन का शिलान्यास किया गया है। इसके निर्माण से शक्ति फार्म क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।





गरीब लोग अपने कार्यक्रम और विवाह समारोह कहां आयोजित कर सकेंगे। बात करें उत्तराखंड में बंगाली समुदाय के निवासियों की तो पूरे राज्य में बंगाली समुदाय के तीन लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। बंगाली समुदाय के लोगों की सबसे ज्यादा बनावट ऊधमसिंह नगर के सितारगंज, गदरपुर और रुद्रपुर में है। यहां वो वोटर के रूप में हर चुनाव में अहम भूमिका निभाते रहे हैं।

# देहरादून : गर्लफ्रेंड के खर्चे पूरे करने के लिए चरस तस्कर बना मर्चेंट नेवी कर्मी

देहरादून 31 मई : आज के वक्त में गर्लफ्रेंड बनाना और उसके नखरे-खर्चे उठाना आसान काम नहीं है। अब देहरादून के रायपुर में ही देख लें। यहां मर्चेंट नेवी में काम कर चुका एक युवक गर्लफ्रेंड की डिमांड पूरी करने के लिए नशा तस्कर बन गया। आरोपी आदर्श कुमार पुत्र स्वर्गीय अश्विनी कुमार हाथीबड़कला क्षेत्र में रहता है।

31 साल के आदर्श को पुलिस ने एक किलो चरस के साथ गुरुद्वारा के पास से गिरफ्तार किया। बरामद चरस की कीमत 5 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो साल 2017 तक मर्चेंट नेवी में काम कर रहा था। चोट लगने की वजह से उसे बाहर कर दिया गया। इसके बाद आरोपी ने ट्रैवल कंपनी खोल ली। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के दौरान उसे नशे की लत लग गई। आरोपी ने बताया कि इस बीच एक लड़की उसकी जिंदगी में आई, जिसके बाद खर्चे बढ़ने लगे। गर्लफ्रेंड की डिमांड पूरी करने और नशे की लत के लिए आरोपी ने ड्रग्स बेचना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उसका लालच बढ़ने लगा।





28 मई को आरोपी ने सहारनपुर से 1 किलो चरस खरीदी और उसे बेचने के लिए रायपुर आ गया। आरोपी ने बताया कि वो चरस लेकर स्कूटी से जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी की स्कूटी सीज कर दी है। बता दें कि रायपुर में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चल रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका डेटा तैयार किया जा रहा है। पूर्व में पुलिस ने सरपंच और उसकी पत्नी को 7.5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया था। अब एक और आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसंगठनों का मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

देहरादून। तिलाड़ी विद्रोह की 93वीं बरसी पर मंगलवार को देहरादून में जन संगठनों ने सचिवालय कूच किया। कूच में मुख्य राजनैतिक पार्टियों के नेता भी शामिल हुए। इस दौरान संगठनों की ओर से सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। जन संगठनों और विपक्षी दलों के पदाधिकारियों ने गांधी पार्क गेट से सचिवालय के लिए कूच किया। पुलिस ने उन्हें सचिवालय से कुछ पहले ही रोक दिया। यहां पर हुई सभा में कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार कानून और वन अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ा रही है। दूसरी तरफ अतिक्रमण हटाने के नाम पर लोगों को बेघर किया जा रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि वन अधिकार कानून 2006 पर अमल करने से और भू कानून 2018 के संशोधन को रद्द करने से राज्य की जमीन और प्राकृतिक संसाधन सुरक्षित रहेंगे। लेकिन सरकार लैंड जिहाद के नाम से दुष्प्रचार करने में लगी है। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश नौडियाल ने कहा कि मजूदरों और गरीबों को उनका हक मिलना चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय काउंसिल सदस्य समर भंडारी, उत्तराखंड महिला मंच से निर्मला बिष्ट और चेतना आंदोलन से सुनीता देवी ने भी मौजूद लोगों को संबोधित किया। वक्ताओं ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मजदूरों को उनका हक मिलना चाहिए। सरकार नफरत की राजनीति नहीं करे और वन अधिकार कानून पर अमल करे। सचिवालय कूच में श्रमिक भी शामिल रहे। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। इसमें स्वतंत्र पुलिस शिकायत आयोग को सक्रिय करने, भीड़ की हिंसा पर उच्चतम न्यायालय के 2018 फैसलों को अमल में लाने, चार नए श्रम संहिताओं को रद्द करने और श्रम कानूनों में 12 घंटे कार्य करने का संशोधन को रद्द करने की की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया गया।

### विभिन्न संगठनों ने किया मां गंगा का दुग्धाभिषेक

रुडक़ी। गंगा दशहरा के अवसर पर रुडक़ी के लक्ष्मीनारायण घाट पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने गंगा माता में दुग्ध अभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना की। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद कश्यप ने कहा कि मां गंगा विश्व के कल्याण के लिए इस धरती पर अवतरित हुई। अश्वनी भारद्वाज ने कहा कि गंगा माता का पूजन मात्र ही नहीं बल्कि उनकी स्वच्छता भी हमारी जिम्मेदारी है। हमें मां गंगा की स्वच्छता के लिए कार्य करते रहना चाहिए। प्रदीप पाल ने कहा कि दुग्धाभिषेक कर सभी के कल्याण की कामना की गई। कार्यक्रम में सुरजीत सिंह चंधोक, चंदन, रामगोपाल पराशर, पप्पू कश्यप, बबली , पूनम, राखी, सुरेंद्र, दीपक आदि मौजूद रहे।

### नहर में डूबे युवक का शव झाल से मिला

रुडक़ी। करीब एक सप्ताह पूर्व गंगनहर में नहाते समय एक युवक पानी के तेज बहाव में बह गया था। युवक का शव मोहम्मदपुर पावर हाउस झाल से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर चौकी क्षेत्र के नजरपुरा निवासी सुरेंद्र (40) गंगनहर में नहाते समय 24 मई को पानी के तेज बहाव में बह गया। तलाश के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं लगा। उसके भाई पंकज कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई लेकिन कोई पता नहीं लग पाया था।

### ट्रेन में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

रुडक़ी। देहरादून से ट्रेन में दिल्ली जा रही महिला यात्री का बैग और कुछ अन्य सामान पिछले दिनों रेलवे स्टेशन के आसपास चोरी हो गया। जीआरपी ने मुकदमा दर्ज कर सहारनपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुडग़ांव निवासी शैल कुमारी एक मई को 14042 डाउन मसूरी एक्सप्रेस ट्रेन से दिल्ली जा रही थी। ट्रेन के एस पांच कोच में उनका रिजर्वेशन था। लक्सर रेलवे स्टेशन से पहले रात में उनका बैग व कुछ अन्य सामान चोरी हो गया। जांच में पता चला कि चोरी सहारनपुर में बेहट थाने के गाडान मोहल्ला निवासी शाहनवाज पुत्र सलीम ने की है। इस पर जीआरपी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया बैग व अन्य सामान बरामद कर लिया।

### गंगा दशहरा पर स्वच्छ गंगा अभियान

रुडक़ी। गंगा दशहरा पर भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ने कश्यप घाट के पास स्वच्छ गंगा अभियान चलाया। संयोजक सावित्री मंगला, रेखा जैन, मयंक गुप्ता, अध्यक्ष अनिल जैन, सचिव आशा चंद्रा, कोषाध्यक्ष संजय सिंगल, महिला संयोजिका पूजा गुप्ता, पंडित रोहित शर्मा ने गंगा मां की आरती करवाई। गंगा दशहरा का महत्व बताया गया। मौके पर अनिका, बबीता, सौरभ, विपिन सिंघल, सुभा, पंकज गर्ग, रितु, हरेंद्र सहदेव, अरविंद कश्यप, अनिल सिंघल, अशोक गुप्ता, मोनिका, नलिन, शशिकांत, कमलेश, शशि, प्रमोद कीर, हेमा बिष्ट, गीता, आरती, दमयंती, आशा, प्रभा, पुष्पा, नीता, बसंती, कमला, नीलकमल, अनीता, बृजेश, सरोजिनी, आशा आदि मौजूद रहे।

# देहरादून : वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू होने के बाद, कई ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मई : देहरादून-दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू हो गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया । पहले दिन ट्रेन में लगभग सभी सीटें बुक रहीं। दून से चलने वाली यह ट्रेन देश की 18वीं वंदे भारत ट्रेन है। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू होने के साथ ही कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। रात 10 बजकर 05 मिनट पर निकलने वाली उपासना ट्रेन अब नौ बजकर 45 मिनट पर दून से रवाना होगी। जबकि रात 10 बजकर पांच मिनट पर दून से निकलने वाली कुंभ एक्सप्रेस भी नौ बजकर 45 मिनट पर निकलेगी।

दिल्ली से दून पहुंचने वाली जनशताब्दी ट्रेन पहले रात नौ बजकर 15 मिनट पर पहुंचती थी। अब यह ट्रेन 9 बजकर 10 मिनट पर दून पहुंचेगी। उत्तरी रेलवे, मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) सुधीर सिंह की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। यात्रियों से अपील की गई है कि वह ट्रेनों का टाइम टेबल देखकर ही घर से निकलें। ऐसा न करने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

चलिए अब आपको वंदे भारत ट्रेन की खूबियों और किराये के बारे में बताते हैं। वंदे भारत ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 110 किलोमीटर प्रति घंटा है। औसत रफ्तार 63.41 तय की गई है। राजाजी नेशनल पार्क में ट्रेन की औसत रफ्तार 60 किमी प्रति घंटा होगी। सप्ताह में बुधवार को छोड़कर वंदे भारत एक्सप्रेस शेष सभी छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस में चेयर कार का किराया 900 रुपये और एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1695 रुपये तय किया गया है।



# दिल्ली, यूपी से देहरादून ऋषिकेश हरिद्वार आने वालों के लिए ये है ट्रैफिक प्लान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मई : हरिद्वार शहर में 7 दिन तक भारी वाहनों की एंट्री बैन रहेगी। स्नान पर्व और वीकेंड पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। अगर आप भी हरिद्वार से होते हुए उत्तराखंड के अन्य स्थानों पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो ट्रैफिक प्लान देखकर ही यात्रा करें। ऐसा न करने पर आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रैफिक प्लान 31 मई से 05 जून की रात 10 बजे तक लागू रहेगा। गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी स्नान पर्व और वीकेंड को लेकर पुलिस ने ट्रैफिक नियंत्रण के लिए खास व्यवस्था की है।

-दिल्ली-मेरठ-मुजफ्फरनगर से आने वाले वाहन नारसन, मंगलौर, गुरुकुल कांगड़ी होते हुए हरिद्वार पहुंचेंगे। अलकनंदा, दीनदयाल, पंतद्वीप, चमगादड़ टापू, बैरागी कैंप पार्किंग में वाहनों को पार्क करने की व्यवस्था की गई है।पंजाब-हरियाणा से आने वाले वाहन सहारनपुर-मंडावर-भगवानपुर-सालियर-बिजौली चौक व एनएच 344 होते हुए बहादराबाद बाईपास- हरिलोक तिराहा-गुरुकुल कांगड़ी से होते हुए हरिद्वार आएंगे। अलकनंदा, दीनदयाल, पंतद्वीप, चमगादड़ टापू और बैरागी कैंप में वाहनों को पार्क किया जाएगा।

नजीबाबाद से आने वाले छोटे वाहन चिड़ियापुर-श्यामपुर-चंडी चौकी से चंडी चौक होकर दीनदयाल-पंतद्वीप-चमगादड़ टापू में भेजे जाएंगे।-बड़े वाहनों को नजीबाबाद- चिड़ियापुर-श्यामपुर-4.2 डायवर्ट किया जाएगा, जबकि गौरीशंकर-नीलधारा में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।-दिल्ली की तरफ एनएच 334 से बहादराबाद होते हुए आने वाली सभी टूरिस्ट बसों को ऋषिकुल मैदान में पार्क किया जाएगा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि स्नान पर्व और वीकेंड पर यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर यातायात प्लान जारी किया गया है। 30 मई की शाम चार बजे से 05 जून की रात 10 बजे तक शहर में प्लान लागू रहेगा। सात दिन तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।





# देहरादून-मसूरी में झोंकेदार हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश, पड़े ओले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मई : उत्तराखंड में बीते दिन दोपहर को मौसम ने करवट बदली। देहरादून और मसूरी में झोकेदार हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। वही, ओले भी गिरे। उधर, ऊंचाई वाले इलाकों में दो दिन झोंके दार हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। झोंकेदार हवा की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है। जबकि, मैदानी इलाकों में भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के चलते दून के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। जबकि दिनभर छाए रहे बादल से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शहर का अधिकतम तापमान 33.1 व न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कुछ इलाकों में तेज गर्जना, बारिश के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की आशंका जताई है। हवा की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।





# देवभूमि मंडाण कार्यक्रम से सनातनी संस्कृति को संरक्षित करेगी भैरव सेना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भैरव सेना सनातन संस्कृति को संरक्षित करने के लिए देवभूमि मंडाण कार्यक्रम आयोजित करेगी। संगठन के विस्तार के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को राजपुर रोड स्थित एक काम्प्लेक्स में भैरव सेना का हिन्दू हित सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के 50 से अधिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। सेना की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अनिता थापा बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया कि संगठन की ओर से पंचगव्य शुद्धिकरण अभियान यात्रा, स्थापना दिवस, भैरव अष्टमी रथ यात्रा के अलावा मातृशक्ति शक्तिपीठ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। लोक संस्कृति को समर्पित देवभूमि मंडाण कार्यक्रम का भी इस वर्ष आयोजन होना है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि संगठन की ओर से बड़े स्तर पर जन जागरण अभियान भी प्रस्तावित है। इस दौरान सर्वसम्मति से सरोज शाह को प्रदेश सचिव महिला मोर्चा, सतीश जोशी को जिलाध्यक्ष देहरादून, सुजाता रावत को जिलाध्यक्षा महिला मोर्चा, संजीव पयाल को जिला महासचिव चुना गया। मौके पर संगठन सहमंत्री करण शर्मा, आशीष कालड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजय पंवार आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड में 200 अवैध कब्जों पर गरजा बुलडोजर, आगे भी जारी रहेगा एक्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उधमसिंह नगर 31 मई : किच्छा में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पुलिस और प्रशासन की टीम अवैध निर्माण को ध्वस्त करने में जुटी है। इसी कड़ी में प्रशासन की टीम ने हल्द्वानी रोड के किनारे जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। इस दौरान पुलिस की टीम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना भी करना पड़ा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी भी हुई है। अभियान के दौरान पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोनिवि ने हल्द्वानी रोड पर एमपी चौक से बेनी मजार रेलवे स्टेशन की दीवार से 24 मीटर की दूरी तक 200 अतिक्रमण चिन्हित किए थे। जिनमें दुकानें, खोमचे, फड़ और टीन शेड वाले मकान शामिल थे।

यहां रह रहे लोगों को 26 मई तक नोटिस देकर जगह छोड़ने की चेतावनी दी गई थी। नोटिस की समय सीमा समाप्त होने के बाद एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अगुवाई में प्रशासन की टीम ने हल्द्वानी रोड पर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रशासन की टीम ने चार जेसीबी मशीनों की मदद से सभी निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासन की कार्रवाई से व्यापारी नाराज नजर आए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रशासन की कार्रवाई का विरोध किया, जिस पर कुछ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया। विधायक तिलक राज बेहड़ भी प्रशासन की कार्रवाई का विरोध करते नजर आए। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि सरकार का कदम अनुचित है। सरकार को लोगों के घर ढहाने से पहले उनके पुनर्वास का इंतजाम करना चाहिए। उधर सिंचाई विभाग ने भी द्रोण माइनर से अवैध कब्जे हटाने की कवायद शुरू कर दी है। यहां 37 अवैध कब्जों को हटाने के लिए 5 दिन का नोटिस दिया गया है। इसके बाद अभियान चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया जाएगा। शहरभर में पुलिस-प्रशासन की टीम अवैध निर्माण को ध्वस्त करने में जुटी हुई है। साथ ही लोगों को चेतावनी भी दी जा रही है कि दोबारा अतिक्रमण करने पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# IPL 2023 : रुड़की लौटे क्रिकेटर आकाश मधवाल का हुआ जोरदार स्वागत, सेल्फी लेने को फैंस की लगी भीड़



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुड़की 31 मई : मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज क्रिकेटर आकाश के बीते दिन रुड़की पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। ढंढेरा स्थित राजमहल में उनके स्वागत के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां स्वागत किया गया। साथ ही जमकर आतिशबाजी की गई। तेज गेंदबाज के साथ फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने को लेकर होड़ लगी रही। आकाश ने कहा कि अच्छा क्रिकेटर बनने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होती है। लगातार प्रयास करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। क्रिकेटर मधवाल ने रुड़की पहुंचने पर बातचीत में कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनकी मेहनत के साथ ही मां का आशीर्वाद है।

बताया कि वह अपना आइडियल जसप्रीत बुमराह को मानते हैं। बताया कि लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में पांच रन देकर उन्होंने पांच विकेट लिए। यह पल उनके लिए ऐतिहासिक और यादगार था। इसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। क्रिकेटर ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उन्होंने बहुत संघर्ष किया। हालांकि, इस संघर्ष में उनके परिवार, कोच और साथियों का भी सहयोग मिला है। बताया कि उन्होंने बीटेक किया है। प्राइवेट नौकरी भी की, लेकिन उनका सपना क्रिकेटर बनना था, जिसे हासिल करने के लिए वह लगातार कड़ी मेहनत करते रहे। बताया कि उन्हें सफलता भी मिली, लेकिन अभी मंजिल दूर है। मंजिल पाने के लिए उन्हें अभी और कड़ी मेहनत करनी है। युवा खिलाड़ियों के लिए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। उनकी तरह से कड़ी मेहनत करें।





# केदारनाथ में बढ़ रही तीर्थयात्रियों की भीड़ तीन जून तक पंजीकरण पर रोक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 31 मई : केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सरकार ने 03 जून तक नए पंजीकरण पर रोक लगा दी है। ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों ही तरह से पंजीकरण की सुविधा बंद कर दी गई है। वहीं यात्रा मार्गों पर जाम लगने के कारण तीर्थयात्री रोक-रोक कर आगे भेजे जाएंगे।इस बार चारों धामों में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। केदारनाथ धाम में क्षमता से अधिक यात्री दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही यात्रा मार्ग पर जगह-जगह जाम लगने से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसे देखते हुए सरकार ने केदारनाथ धाम के लिए नए पंजीकरण पर 03 जून तक रोक लगा दी है। वहीं, पहले ही पंजीकरण करा चुके यात्रियों को हरिद्वार, ऋषिकेश, तपोवन, व्यासी, श्रीनगर और रुद्रप्रयाग में रोक कर आगे भेजा जाएगा।आईजी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल का कहना है केदारनाथ धाम के लिए यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। जगह-जगह जाम लगने से कंटीजेंसी प्लान को लागू किया गया है। इसके तहत यात्रियों को जगह-जगह पर रोक कर भेजा जाएगा। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ और बदरीनाथ जाने वाले यात्रियों की छटनी की जाएगी। उसके बाद यात्रियों को आगे भेजा जाएगा।चारधाम यात्रा के लिए अब तक 38 लाख यात्री पंजीकरण करा चुके हैं। जबकि 17 लाख से अधिक यात्री दर्शन कर चुके हैं। 29 मई तक केदारनाथ धाम के लिए 13 लाख, बदरीनाथ के लिए 11.21 लाख, यमुनोत्री में 6.24 लाख, गंगोत्री में 6.79 लाख और हेमकुंड साहिब के लिए 74 हजार यात्रियों ने पंजीकरण कराया है।



## डिप्लोमा इंजीनियरों की मांगें जल्द पूरी हो

देहरादून। ग्रेड-पे समेत विभिन्न मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। आक्रोशित इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी गई तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ से जुड़े इंजीनियर यमुना कॉलोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय लोनिवि एवं सिंचाई के परिसर में एकत्र हुए। यहां नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर हुई सभा में वक्ताओं ने कनिष्ठ अभियंताओं को 10 वर्ष की सेवा के बाद ग्रेड वेतन 5400 रुपये देने, समूह ख अभियंताओं को कार अनुरक्षण भत्ता देने, कनिष्ठ अभियंता एवं अपर सहायक अभियंता को अनुमन्य मोटरसाईकिल और स्कूटर भत्ते दरें पुना तय करने समेत अन्य मांगों के निराकरण की मांग की है। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष एसएस चौहान, जिला सचिव आशीष यादव, शिवेंद्र अष्टवाल, प्रदीप कटारिया, रोबिन कुमार, रोशन सिंह कैंतुरा, राहुल कुमार, समीक्षा शर्मा डोभाल, पूजा श्रेष्ट, ऊषा भंडारी, उपेन्द्र गोयल, मुकेश रतूडी, अनिल सिंह पंवार आदि मौजूद रहे।

## देहरादून : परिवहन विभाग सख्त अब पीली नंबर प्लेट के बिना नहीं चल सकेंगी बाइक टैक्सी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 मई : देहरादून में कई कंपनियां निजी नंबर प्लेट पर बाइक टैक्सी का संचालन करा रही हैं। इसे लेकर अब परिवहन विभाग सख्त हो गया है। विभाग ने आदेश जारी किए हैं कि किसी भी सूरत में प्राइवेट नंबर प्लेट पर बाइक टैक्सियों का संचालन नहीं किया जा सकेगा। इस आदेश पर रैपीडो कंपनी ने आपत्ति जताकर नियमों का हवाला दिया। जिस पर परिवहन विभाग ने जवाब दिया कि प्राइवेट नंबर प्लेट वाली गाड़ी पर सवारी का बीमा नहीं होता, वहीं बगैर व्यावयासिक पंजीकरण के महिलाओं का बाइक टैक्सी में सफर करना भी सुरक्षित नहीं है। इसलिए बगैर पीली नंबर प्लेट के बाइक टैक्सी का संचालन नहीं हो सकेगा।

महानगर में कई कंपनियां प्राइवेट बाइक टैक्सी का संचालन कर रही हैं। इनमें बड़ी संख्या में बाइकों को सफेद नंबर प्लेट के साथ चलाया जा रहा है। इस पर ऐतराज जताते हुए परिवहन विभाग ने रैपिडो कंपनी की 20 बाइकों के खिलाफ कार्रवाई की। कंपनी की बंगलुरु से आई टीम ने नियमों का हवाला देकर कहा कि पीली नंबर प्लेट बाइक टैक्सी के लिए अनिवार्य नहीं है। आरटीओ सुनील शर्मा ने कहा कि सफेद नंबर प्लेट लगाकर बाइकों का व्यावसायिक प्रयोग नहीं किया जा सकता। दरअसल, दिल्ली में प्राइवेट बाइक टैक्सी कंपनियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद सरकार को निर्देश दिए कि वो पहले कैब कंपनियों के लिए पॉलिसी बनाए। जब तक पॉलिसी नहीं बनती, तब तक इन कंपनियों के खिलाफ कोई कदम न उठाया जाए। इसी आदेश का हवाला बाइक टैक्सी कंपनियां उत्तराखंड में दे रही हैं।

## संपादकीय



### दिल्ली का 'दरिंदा'

यह बर्बर और घिनौना सच राजधानी दिल्ली का ही नहीं, मुंबई, हैदराबाद, रायपुर, सहारनपुर और केरल के किसी भी शहर का हो सकता है। युवा पीढ़ी भटक चुकी है। उसकी कई स्टोरी हैं। अब उसकी प्राथमिकता 'रिलेशनशिप' की है। खाने को दाने न हों, पढ़ाई अभी अधूरी हो, करियर की शुरुआत भी न हुई हो, लेकिन किशोर बच्चे भी 'संबंध' में रहना चाहते हैं। ऐसे संबंधों की नियति सिर्फ 'हत्या' होती है। हम कई मामले ऐसे देख-पढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा झकझोरने वाला प्रसंग श्रद्धा-आफताब का रहा है। हत्यारे ने अपनी लिव-इन पार्टनर की ही हत्या कर दी और फिर लाश के 35 टुकड़े कर इधर-उधर बिखेर दिए। हत्यारा आज भी जिंदा है और जेल में है। अदालत में अभी केस चलना है। न जाने सजा कब तक होगी? यदि हमारी न्याय-प्रणाली के तहत आफताब को फांसी पर लटका दिया गया होता, तो शायद राजधानी दिल्ली का हत्याकांड न होता! कातिल मुहम्मद साहिल खान अपनी ही 'दोस्त' की दरिंदगी से, राक्षसी व्यवहार से, हत्या करने से पहले चार बार सोचता! राजधानी में बीते रविवार को मात्र 20 साल के एक सिरफिरे युवा ने, दिन-दहाड़े, गुजरते लोगों के बीच, अपनी ही 16 वर्षीया नाबालिग 'दोस्त' की बर्बर हत्या कर दी। खंजरनुमा चाकू से 21 वार किए। लडक़ी को बार-बार गोदने के बाद, उस पर पत्थर से प्रहार कर, उसकी हत्या कर दी। इनसान है या दानव की कोई नस्ल है! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो दिल्ली को 'अपराध की राजधानी' करार देता रहे अथवा पुलिस की निष्क्रियता, नालायकी के मद्देनजर उसे जमकर कोसा जाए, लेकिन जघन्य अपराध के साथ-साथ यह सामाजिक नैतिकता, मानवीय संस्कार और उदासीनता का भी मामला है। साहिल लडक़ी पर कातिलाना वार कर रहा था। लडक़ी मदद के लिए चीख रही थी। गली भरी-पूरी थी और 17 लोग उस दौरान वहां से गुजरे थे। यह सीसीटीवी का प्रमाण है और पुलिस का भी खुलासा है। लोग 'जिंदा मुर्दों' की तरह वहां से निकल गए। यदि उन्होंने सामूहिक तौर पर हस्तक्षेप करने की हिम्मत दिखाई होती, तो शायद नाबालिग बेटी आज जिंदा होती! देश की राजधानी दिल्ली इतनी संवेदनहीन और पत्थर-दिल भी हो सकती है! यहां की गली-गली, मुहल्ला-दर-मुहल्ला 'अपराध' आम बात है।

## मसूरी कांग्रेस ने मांगा कैबिनेट मंत्री से 12 साल का हिसाब

देहरादून। मसूरी शहर कांग्रेस इकाई ने कैबिनेट मंत्री से उनके 12 साल के कार्यकाल पर 12 सवाल पूछे हैं। कहा कि मंत्री को अपने 12 साल के कार्यकाल का हिसाब भी जनता को देना चाहिए। साथ ही ऐलान किया कि शहर कांग्रेस माल रोड की बदहाली को लेकर 3 जून को धरना देगी और सात जून को गांधी चौक पर उपवास करेंगे। कुलड़ी स्थित होटल सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने मंत्री को लेकर सवाल पूछे। कहा कि उन्हें भी अपना 12 साल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखना चाहिए। उन्होंने पूछा कि मसूरी की जनता के लिए धरातल पर क्या काम किया गया, कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया। आवासहीनों के लिए कौन सी आवासीय योजना लाए। क्या उन्होंने वेंडर जोन बनाया, वन टाइम सेटलमेंट में मसूरी के कितने लोगों को फायदा मिला। साथ ही पूछा कि यमुना का पानी आखिर कहां चला गया। कहा कि मालरोड पर जहां डंपर गिरा वहां एक महीने बाद भी मरम्मत नहीं होने से जाम लग रहा है। गलोगी धार का ट्रीटमेंट तीन सालों में क्यों नहीं किया गया। मालरोड को तालाब बना दिया गया। 2009 से सीवर लाइन बिछाने का काम चल रहा है आखिर यह योजना कब पूरी होगी। जो आडिटोरियम बनाया गया उसका लाभ जनता को क्यों नहीं मिल पा रहा है। किंक्रेग पार्किंग का लाभ पर्यटन सीजन में भी नहीं मिल पा रहा, प्राइवेट स्टेटों का सीमांकन अभी तक पूरा क्यों नहीं हो पाया। सिफन कोर्ट के बेघर तीन साल बाद भी आवास क्यों नहीं मिले। सेंटमेरी अस्पताल गत कई वर्षों से बंद पड़ा है उसे खुलवाने के लिए क्या किया। उन्होंने कांग्रेस के अगले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। इस मौके पर मेघ सिह कंडारी, रमेश राव, महेश चंद, राजीव अग्रवाल मौजूद रहे।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# महा जनसंपर्क अभियान की तैयारियों को लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 31 मई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने केंद्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर देश भर में महा जनसंपर्क अभियान चलाने के दिशा निर्देशों के क्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने को भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान को लेकर मसूरी विधानसभा के पार्टी पदाधिकारियों के साथ आगामी पार्टी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर बैठक की।




बैठक में मंत्री गणेश जोशी ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित होने वाले पार्टी के प्रस्तावित कार्यक्रमो की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रमो के सफल क्रियान्वयन हेतु भी पाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री ने कहा अगले माह तक प्रदेश भर में चलने वाले इस महा जनसंपर्क अभियान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 09 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित महाजनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए पाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान कर बदलते भारत में सहयोगी बनकर केंद्र सरकार के 9 वर्षों के विकास की उपलब्धियां गांव की अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने की भी अपील की।

मंत्री जोशी ने पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार के कामों को जन-जन तक पहुंचाने व वंचितों, शोषितों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों के लिए शुरू की गई योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का भी आह्वान किया। मंत्री गणेश जोशी ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन नौ वर्षो में अभूतपूर्व कार्य किए है। उन्होंने कहा मोदी सरकार के 09 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के रहे हैं। उन्होंने कहा इन नौ वर्षो में राष्ट्रीय सुरक्षा आत्मनिर्भरता वैश्विक प्रतिष्ठा आर्थिक सुदृढ़ीकरण आदि क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। साथ ही मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 09 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

मुख्य रूप से ये-ये कार्यक्रम होंगे-1. विशिष्ट जन संपर्क2. वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मान3. संयुक्त मोर्चा सम्मेलन4. लाभार्थी सम्मेलन5. योग दिवस कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी6. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती7. आपातकाल 8. मन की बात9. व्यापारी सम्मेलन10. घर घर संपर्क अभियान11. विशाल जन सभा12. प्रबुद्ध सम्मेलन

इस अवसर पर बैठक में महाजनसंपर्क अभियान के संयोजक सुरेन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राकेश रावत, डॉ बबीता सहोत्रा, उत्तम चंद रमोला, संध्या थापा, प्रभा साह, आशीष थापा, किरण, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गुंडई के लिए हरिद्वार में जगह नहीं मिलेगी : एसएसपी हरिद्वार





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 31 मई : दिनांक 28.05.2023 की रात्रि को चौकी फेरूपुर क्षेत्रान्तर्गत युवक से मारपीट की शिकायत पर मौके पर पहुंचे चेतक कर्मचारी गण पर हमला करने के आरोपी अभियुक्त अर्जुन को दबोचने में पुलिस टीम सफल रही। अभियुक्त के कब्जे से टीम ने हमले में प्रयुक्त हाथ का कड़ा, नाजायज तमंचा और 01 जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पीड़ित युवक व चेतक कर्मी की शिकायत पर थाना पथरी में दर्ज अलग-अलग मुकदमों में युवक की तलाश में जुटी टीम ने दिनांक 29/5/23 की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अर्जुन को शाहपुर बस अड्डे से दबोच बरामदगी के आधार पर थाना पथरी में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

अभियुक्त का नाम पता अर्जुन पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी कटारपुर थाना पथरी बरामदगी का विवरण 1- हमले में प्रयुक्त हाथ का कड़ा2-एक 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस

## ओआरओपी, एमएसपी को लेकर पूर्व सैनिकों डीएम कार्यालय कूच किया

देहरादून। ओआरओपी, एमएसपी समेत अन्य समस्याओं को लेकर आज पूर्व सैनिकों ने डीएम कार्यालय कूच किया। डीएम कार्यालय में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन दिया। पूर्व सैनिक ओआरओपी, एमएसपी को लेकर तीन महीने से ज्यादा समय से देशभर में आंदोलन कर रहे हैं। आज सुबह पूर्व सैनिक परेडग्राउंड में इक_ा हुआ। यहां से रैली निकालकर डीएम ऑफिस पहुंचे। यहां अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद अपना ज्ञापन दिया। इस दौरान गौरव सैनानी एसोसिएशन समेत कई संघटन से जुड़े पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## पार्षद बोले सरकारी जमीनें कब्जाने वालों पर कार्रवाई करे नगर निगम

देहरादून। भाजपा पार्षदों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्षदों ने मंगलवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर पूछा कि सरकारी जमीन कब्जाने वालों से नगर निगम कैसे हाउस टैक्स वसूल रहा है। उन्होंने सरकारी जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त मनुज गोयल से मुलाकात की। इस दौरान पार्षदों ने डालनवाला, राजपुर समेत विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीनें कब्जाने का मामला उठाया। साथ ही पूछा कि कर अनुभाग में निगम की बेशकीमती जमीन का हाउस टैक्स कैसे जमा हो रहा है। पार्षद भूपेंद्र कठैत ने कहा कि भूमि अनुभाग के स्तर से वार्डों में नगर निगम की जमीनों का विधिवत रिकॉर्ड तैयार करने के लिए अभियान चलाया जाए। ताकि बेशकीमती जमीनों को कब्जे होने से बचाया जा सके। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने जमीनें कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर जारी करने शुरू कर दिए हैं। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम अब नगर निगम स्वयं करवाएगा। नगर आयुक्त से मुलाकात करने वालों में पार्षद सुशीला रावत, संजय नौटियाल, विमल उनियाल, मनमोहन धनई, महीपाल धीमान, चुन्नीलाल, योगेश घाघट, आलोक कुमार, अजय सिंघल, सतेन्द्र नाथ, देवेन्द्र पाल मोंटी, विनय कोहली, महेश आदि मौजूद थे।

# संक्षिप्त खबरें

## रेल कर्मचारियों ने वंदे भारत ट्रेन के आगे किया प्रदर्शन

देहरादून। वंदे भारत एक्सप्रेस को दून के लोको पायलटों से चलाने की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों ने दूसरे भी ट्रेन के आगे खड़े होकर प्रदर्शन किया। चेताया कि जब तक इसका विधिवत आदेश नहीं आता है, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन से जुड़े कर्मचारी मंगलवार सुबह रेलवे ट्रेक पर एकत्र हुए। यहां वंदे भारत ट्रेन के आगे नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। रेल कर्मचारियों ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन को दिल्ली के लोको पायलटों से चलावाया जा रहा है, जो कि गलत है। शताब्दी और जन शताब्दी जैसी वीआईपी ट्रेनों को भी दिल्ली के लोको पालयट ही चला रहे हैं। रेल कर्मचारियों ने मांग की है कि वंदे भारत एक्सप्रेस को देहरादून के लोको पायलटों से चलवाया जाए। जब तक इसका आदेश जारी नहीं होता तब तक विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर शाखा सचिव उग्रसेन सिंह, नरेश गुरुंग, रमेश कुमार, नरेश कुमार, तेजिंदर सिंह, आरएस राठी, गंगा चरण, धनीराम, राकेश नौटियाल, विनोद नौटियाल, मनीष पाठक, राम सोच, उमेश कुकरेती, नीरज श्रीवास्तव, जसवंत सिंह, आरिफ अंसारी, जय प्रकाश, आरडी शर्मा, सीपी सिंह, बलवीर रावत, अमित बुकारवाल, जय प्रकाश, जितेंद्र कुमार, मनोज, त्रेपन सिंह, आशिमा, जय भट्ट, शीला गुंजायल, हिमांशु आर्य, निशांत, कपिल शर्मा, राहुल, पंकज मैथानी, अनूप रावत, विजय कुमार, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

## जन-जन को बताएं केंद्र की उपलब्धियां: जोशी

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेशी जोशी ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। जोशी ने मंगलवार को भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान को लेकर मसूरी विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल को नौ वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। लिहाजा, कार्यकर्ता गांव के अंतिम छोर तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इन नौ सालों में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। ये साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित हैं। इस दौरान विशिष्ट जन संपर्क, वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मान, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, योग दिवस कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मौके पर महा जनसंपर्क अभियान के संयोजक सुरेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, राकेश रावत, डा. बबीता सहोत्रा, उत्तम चंद रमोला, संध्या थापा, प्रभा साह, आशीष थापा, किरण आदि मौजूद थे।

## डीबीएस में धूमधाम से मना कौथिग महोत्सव, जमकर नाचे छात्र

देहरादून। डीबीएस पीजी कालेज में बारिश की फुहारों के बीच मंगलवार को छात्र छात्राओं ने जमकर ठुमके लगाए। मौका था छात्रसंघ महासचिव आशीष कुमार की ओर से आयोजित आर्यन कौथिग महोत्सव का। दोपहर करीब 12 बजे छात्र छात्राओं के डांस और संगीत प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इसके बाद धीरे धीरे वहां मौजूद छात्र छात्राओं में जोश बढने लगा और वे पंडाल में ही थिरकने लगे। दोपह दो बजे जब बारिश की बूंदें पडने के साथ छात्र छात्राओं का जोश भी बढने लगा। इसके बाद वे वहीं जमकर नाचने लगे। इस दौरान सोलो डांस, गीत और ग्रुप डांस की कई प्रस्तुतियां दी गई। वहीं भाषण प्रतियोगिता भी हुई जिसमें आयुषि प्रथम, विपिन कैंतुरा व आदित्य द्वितीय और श्रुति नौटियाल तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान मुख्य अतिथि उत्तरकाशी के जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण व विशिष्ट अतिथि घनसाली के नगर पंचायत अध्यक्ष शंकर पाल सजवान रहे।

## दून के छात्रों ने इंटरनेशनल ओलंपियाड में दिखाई प्रतिभा

देहरादून। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड परीक्षा में दून के कई छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। इसमें दि टोंसब्रिज स्कूल के कक्षा दो के छात्र अहान खन्ना को पहली व सन वैली स्कूल की कक्षा तीन की छात्रा आकृति शर्मा को तीसरी रैंक मिली है। वहीं इंटरनेशनल सोशल स्टडीज में कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी हाई स्कूल की कक्षा चार की छात्रा मिश्का चिलकोटी को दूसरी रैंक मिली है। इन छात्रों को दिल्ली में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपक मिश्रा की मौजूदगी में सर्टिफिकेट के साथ गोल्ड, सिल्वर और ब्रोन्ज़ मैडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग-अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22-23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया । साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन सात ओलंपियाड एग्जाम कंडक्ट करता है जिसमें शामिल है - नेशनल साइंस ओलंपियाड, नेशनल साइबर ओलंपियाड, इंटरनेशनल गणितं ओलंपियाड, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलिंपियाड, इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड और इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलंपियाड।

## सिटी बस महासंघ ने सीएम से जांच की मांग

देहरादून। सिटी बस महासंघ ने संभागीय परिवहन विभाग की ओर से दिए जा रहे परमिटों की जांच करने की मांग की है। महासंघ ने इसकी शिकायत सीएम से की है। अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने बताया कि शासन ने अलग-अलग तिथि पर दो अधिसूचना जारी की है। इसमें एक 21 सितंबर 2016 को जारी हुई, जिसमें 18 नये रूट बनाए गए। इसमें नगर बस मार्ग का कोई उल्लेख नहीं था। आरटीए ने इन रूटों पर मैजिक को परमिट दिए। दूसरी अधिसूचना छह फरवरी 2023 को जारी हुई। इसमें भी नगर बस का कोई उल्लेख नहीं था, लेकिन आरटीओ ने बिना संख्या तय किए इन रूटों पर सिटी बसों को परमिट दे दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि परमिट नियम विरुद्ध दिए जा रहे हैं।

## मसूरी माल रोड बननी थी मॉर्डन बन गई तालाब

देहरादून। मसूरी में मंगलवार को सुबह से चटक धूप के बाद जमकर बारिश हुई। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश से सडक़ों पर जलजमाव की स्थिति पैदा होने के साथ ही फिसलन बढ़ गई। इससे स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। बारिश के चलते शहर की अधिकांश नालियां भी चोक हो गई। बारिश का पानी सडक़ पर बहने लगा। पैदल चलने वालों को भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण अधिकांश पर्यटक भी होटलों की ओर लौट गए। माल रोड पर बहुत कम पर्यटक नजर आए।

## मॉडर्न दून लाइब्रेरी में परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी कर सकेंगे छात्र

देहरादून। मॉडर्न दून लाइब्रेरी भवन में अध्ययन के लिए आने वाले छात्र परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन भी कर सकेंगे। इसके लिए यहां लैब तैयार की गई है, इसमें तीस कंप्यूटर उपलब्ध हैं। इसक अलावा लाइब्रेरी भवन परिसर को वाई-फाई सुविधा से लैस किया जा रहा है। साथ ही हर साल निर्धन वर्ग के सौ छात्रों की फीस माफ करने का निर्णय लिया गया है। लाइब्रेरियन जेबी गोयल ने बताया कि कंप्यूटर लैब में बैठकर जरूरतमंद छात्र परीक्षा की ऑनलाइन तैयारी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एक बार में तीस छात्र यहां बैठकर ऑनलाइन क्लास भी ले सकते हैं।